राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

## संस्कृत दिवस पर राज्यपाल श्री बागडे की शुभकामनाएं

जयपुर, 27 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने संस्कृत दिवस (28 अगस्त) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बागडे ने कहा कि संस्कृत भाषा नही है बल्कि हमारे देश की गौरवमयी संस्कृति है। इस भाषा में ज्ञान परंपरा के साथ–साथ विज्ञान का भी अपूर्व मेल है। श्री बागडे ने संस्कृत भाषा के संरक्षण और इसके प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

———

## रक्षाबंधन पर राज्यपाल श्री बागडे की शुभकामनाएं

जयपुर, 27 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रक्षाबंधन पर्व (28 अगस्त) की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि यह पर्व भाई–बहन के प्यार, स्नेह, कर्तव्य और दायित्वबोध का प्रतीक है। उन्होंने राखी के धागों की तरह प्रेम और विश्वास के बंधन में सम्पूर्ण समाज को जोड़ने का संकल्प लेने का आह्वान किया है।

————